



DR. (SMT.) SANDRA DESA SOUZA

Dr. (Smt.) Sandra Desa Souza, a practicing otolaryngologist and neuro-Otologist since 50 years obtained her Master's degree in ENT from in 1969. She has also a Diploma in ENT from the College of Physicians & Surgeons (CPS) Mumbai and is a fellow of the International College of Surgeons and the American Academy of Otolaryngology Head and Neck surgery and in 2003 was the first Indian fellow of the American Otological Society. She held the position of head of the ENT Department in Jaslok Hospital and Research Centre where she was a DNB teacher, and is Consultant ENT Surgeon at Desa's Hospital and Breach Candy Hospital. She was the senior most Honorary ENT surgeon, head of the department and Associate Professor and Post graduate teacher at Seth AJB Municipal Hospital which she joined in 1972 and from which she retired in 2001, after 30 years of service.

2. Dr. Desa Souza is the Pioneer of Cochlear Implant Surgery in India having performed the first cochlear implant surgery in India and Asia in 1987 and is the first women Cochlear Implant Surgeon in the world. She was the first cochlear implant surgeon to use the nucleus cochlear implant from Australia in 1993, the MEDEL cochlear implant from Austria in 1993, and the fist surgeon to use the Clarion cochlear implant from USA in 2000 and introduced cochlear implant surgery to many cities in India.

3. Dr. Desa Souza has performed over 2000 surgeries and still runs the cochlear implant surgery programme supported by Dr. Dillon D'souza. Cochlear Implant Surgeon at Jaslok Hospital. The programme is also funded by the government and Trusts for poor children from Maharashtra and all over India and cases are operated once a week and undergo rehabilitation maintenance and long term follow up.

4. Because of her achievements, Dr. Desa Souza has been listed in Twentieth Century Admirable Achievers, Distinguished Who's Who, Indo Arab Who's Who, Asia American Who's Who, Reference Asia, Asia's' Who' Who of Men and Women of Achievement, Asia Pacific Who's Who, Biography Today, Indo Asian Who's Who, Eminent personalities of 20th Century, Limca Book of records, prominent personalities of 20th century India.

5. Dr. Desa Souza has also received the Vijayshree Award in the field of ENT, Bharat Excellence Award, The Best Citizens of India Award, Millennium Achiever Award, Uwa Life Time Achievement Award., Women of the year 2002 by the American Biographical Institute, International Scientist of the year 2003, Leading Intellectual of the World 2004, Leading Scientist of the World 2005, Woman of the year 2011 representing India.





डॉ. (श्रीमती) सांड्रा डिसा सुझा

डॉ. (श्रीमती) सांड्रा डिसा सुझा 50 वर्षों से एक पेशेवर ओटोलेरिंगोलोजिस्ट न्यूरो–ओटोलोजिस्ट हैं। उन्होंने 1969 में ईएनटी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। उन्होंने कॉलेज ऑफ फिजिसियंस एंड सर्जन्स (सीपीएस), मुम्बई से ईएनटी में डिप्लोमा किया है और इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ सर्जन्स तथा अमेरिकन एकेडमी ऑफ ओटोलेरिंगोलोजिस्ट हैड एंड नेक सर्जरी के फेलो हैं तथा वह 2003 में अमेरिकन ओटोलोजिकल सोसाइटी के पहले भारतीय फेलो थी। वह जसलोक अस्पताल और अनुसंधान केंद्र में ईएनटी विभाग की विभागाध्यक्ष थीं जहां वह डीएनबी शिक्षक थीं तथा डेसाज हॉस्पिटल एवं ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में कंसल्टैंट ईएनटी सर्जन हैं। वह सेठ एजेबी नगरपालिका अस्पताल में वरिष्ठतम मानद ईएनटी सर्जन, विभागाध्यक्ष और एसोसिएट प्रोफेसर तथा स्नातकोत्तर अध्यापक थीं जहां उन्होंने 1972 में कार्य ग्रहण किया था और जहां से वह 30 वर्ष की सेवा के बाद 2001 में सेवानिवृत्त हुईं।

2. डॉ. डिसा सुझा भारत में कोकलियर इंप्लांट सर्जरी की अग्रणी हैं और उन्होंने 1987 में भारत और एशिया में पहला कोकलियर इंप्लांट सर्जरी किया तथा वह दुनिया की पहली महिला कोकलियर इंप्लांट सर्जन हैं। वह 1993 में आस्ट्रेलिया से न्यूक्लियस कोकलियर इंप्लांट का उपयोग करने वाली और 1993 में ही आस्ट्रेलिया से मैडेल कोकलियर इंप्लांट करने वाली पहली कोकलियर इंप्लांट सर्जन हैं। वह 2000 में संयुक्त राज्य अमेरिका से क्लेरियन कोकलियर इंप्लांट का उपयोग करने वाली पहली कोकलियर इंप्लांट सर्जन हैं। उन्होंने भारत के कई शहरों में कोकलियर इंप्लांट सर्जरी की शुरुआत की है।

3. डॉ. डिसा सुझा ने 2000 अधिक सर्जरी की हैं और अभी तक जसलोक अस्पताल में में डा. डिलोन डी'सूजा के सहयोग से कोकलियर इंप्लांट सर्जरी का कार्यक्रम चलाती हैं। इस कार्यक्रम को सरकार तथा महाराष्ट्र और पूरे भारत से गरीब बच्चों के लिए संस्थाओं से आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। यह सर्जरी सप्ताह में एक बार की जाती है और दीर्घावधि तक उनका पुनर्वास देखभाल तथा फोलोअप किया जाता है।

4. डॉ. डिसा सुझा को उनकी उपलब्धियों के लिए 20वीं सदी के प्रशंसनीय उपलब्धि प्राप्तकर्ता, विशिष्ट हूज–हू, इंडो–अरब हूज–हू, एशिया–अमेरिकन हूज–हू, रेफरेंश एशिया, एशियाज हूज–हू ऑफ मेन एंड वीमेन ऑफ अचीवमेंट, एशिया पेसेफिक हूज–हू, बायोग्राफी टूडे, इंडो–एशियन हूज–हू, 20वीं सदी के प्रतिष्ठित व्यक्ति, लिमका बुक ऑफ रिकार्ड, 20वीं सदी में भारत के प्रमुख व्यक्ति में शामिल किया गया है।

5. उन्हें ईएनटी के क्षेत्र में विजयश्री पुरस्कार, भारत उत्कृष्टता पुरस्कार, द बेस्ट सिटीजन ऑफ इंडिया अवार्ड, मिलेनियम अचीवर अवार्ड, उवा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, अमेरिकन बायोग्राफिकल इंस्टीट्यूट द्वारा वीमेन ऑफ ईयर, 2002, इंटरनेशनल साइंटिस्ट ऑफ द ईयर 2003, लीडिंग इंटेलेक्चुअल ऑफ द वर्ल्ड 2004, लीडिंग साइंटिस्ट ऑफ द वर्ल्ड 2005, भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वीमेन ऑफ द ईयर 2011 प्राप्त हुए हैं।